## वाणिज्य कर विभाग,उ0प्र0

पत्र संख्या-एस0एस0-एक (45)-वैट खण्ड पुनर्गठन- / (आगरा) / (2007-08 ) / 1532 / वाणिज्य कर

लखनऊ: दिनॉक : 11-2-2008 2008

## विज्ञप्ति / विविध

उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित नियमावली-2008 के नियम-3 के उपनियम-2 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए मैं कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 आगरा, मैनपुरी एवं फिरोजाबाद वाणिज्य कर मण्डलों के खण्डों की भौगोलिक सीमाओं के पुनर्गठन / संशोधन हेतु विभाग की पूर्व में जारी समस्त विज्ञप्तियों को अतिक्रमित करते हुये निम्न विनिर्दिष्ट भौगोलिक सीमाओं में आगरा , मैनपुरी एवं फिरोजाबाद वाणिज्य कर मण्डलों के खण्डों के अधिक्षेत्र की भौगोलिक सीमाओं को निम्न प्रकार अवधारित करता हूँ।

### खण्ड-1,आगरा

बिजलीघर बस स्टेंड से किनारी बाजार जाने वाली सड़क पर उस स्थान से (जहां फोर्ट स्टेशन से जाने वाली रेलवे लाइन का ओवर ब्रिज स्थित है) से चलकर सुभाष बाजार होते हुए जौहरी बाजार, किनारी बाजार के उस स्थान तक (जहां सेव का बाजार, कश्मीरी बाजार रोड मिलते हैं) वहां से दाहिनी ओर कश्मीरी बाजार,माल का बाजार से उस स्थान तक(जहां दरेसी नं0-2 से पीपल मण्डी वाली रोड मिली है) वहॉ से दाहिनीओर पीपल मण्डी होते हुए दरेसी नं0-2 में उस स्थान तक जहॉ फोर्ट रेलवे स्टेशन की वाउण्ड्री मिलती है,वहीं से दाहिनी ओर मुड़कर रेलवे लाइन के सहारे उस स्थान तक जहॉ पर ओवर ब्रिज स्थित है, के बीच का सम्पूर्ण भाग।

उपरोक्त क्षेत्र में सुभाष बाजार, जौहरी बाजार, लुहार गली, तिवारी गली, रावतपाड़ा, कालामहल, नमक मण्डी, दरेसी नं0-1 तथा दरेसी नं0-2 (आंशिक) सम्मिलित है।

### खण्ड-2,आगरा

बिजलीघर बस स्टैण्ड से किनारी बाजार जाने वाली सडक पर उस स्थान से जहॉ आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन से जाने वाली रेलवे लाईन का ओवर ब्रिज स्थित है से चलकर सुभाष बाजार, जौहरी बाजार, किनारी बाजार होते हुए उस स्थान तक जहॉ से हॉस्पीटल रोड को सड़क मुड़ती है यहॉ से बाई तरफ चल कर हींग की मण्डी रोड क्रासिंक तक यहॉ से हींग की मण्डी रोड पर चलते हुए मीरा हुसैनी चौराहे तक यहॉ से सदरभट्‌टी चौराहे तक तथा यहॉ से बाई तरफ मुडकर सदरभटटी रोड पर चलकर मन्टोला रोड के साथ क्रासिंग तक तथा यहॉ से मन्टोला रोड पर चलकर उस स्थान तक जहॉ फोर्ट रेलवे स्टेशन से ईदगाह जाने वाली रेलवे लाईन का ओवर ब्रिज स्थित है, के मध्य का सम्पूर्ण क्षेत्र। इसके अन्तर्गत मुख्य रुप से सुभाष बाजार (आंशिंक) किनारी बाजार (आंशिक) चौबेजी का फाटक, रेडियो मार्केट, जसबन्त मार्केट,सेठगली, शू सेन्टर, शू चैम्बर, शीला शू मार्केट, सदरभट्‌टी (आंशिक) मन्टोला सम्मिलित है।

### खण्ड-3,आगरा

घटिया आजम खॉ से सिटी स्टेशन रोड पर पूर्व दिशा की ओर चलकर बेलनगंज में छत्ता रोड क्रासिंग तक, यहॉ से दक्षिण दिशा में मुड़कर छत्ता रोड पर चलते हुए बारह भाई की गली क्रासिंग तक, यहॉ से पूर्व दिशा में बारह भाई की गली रोड पर चलकर यमुना किनारा रोड तक तथा यहॉ से दक्षिण दिशा में यमुना किनारा रोड पर चलते हुए दरेसी रोड की क्रासिंग(हाथी घाट) पार करते हुए बिजलीघर से आने वाली ग्वालियर रोड की क्रासिंग तक, यहॉ से ग्वालियर रोड पर पश्चिम दिशा में चलकर फोर्ट रेलवे स्टेशन की बाउण्ड्री के सहारे चलकर रेलवे ओवर ब्रिज तक, यहॉ से पीपल मण्डी रोड पर उत्तर दिशा में चलकर कचहरी घाट रोड की क्रासिंग तक तथा यहॉ से पश्चिम-दक्षिण दिशा में चलकर छिली ईंटरोड क्रासिंग तक तथा यहां से पश्चिम-उत्तर दिशा में छिली ईंट रोड पर चलते हुए घटिया आजम खॉ क्रासिंग तक के बीच का सम्पूर्ण हिस्सा।उपरोक्त क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य रुप से माईथान, धूलियागंज, गुदड़ी मंसूर

खॉं, कचहरी घाट, काला महल, छत्ता बाजार, मोतीगंज, फिलिपगंज, दरेसी नं0-2 एवं दरेसी नं0-3, यमुना किनारा तथा पीपल मण्डी सम्मिलित हैं।

**खण्ड-4,आगरा**

(अ) यमुनापार आगरा बाईपास रोड पर रामबाग चौराहा तथा यमुना नदी के बीच पड़ने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र जिसकी पूर्वी सीमा अलीगढ़ रोड तथा पश्चिमी सीमा यमुना नदी है तथा जिसके अन्तर्गत रामबाग मार्केट, फाउण्ड्री नगर (पश्चिमी भाग) तथा अलीगढ़ रोड का पश्चिमी भाग सम्मिलित है।

(ब) महात्मा गॉंधी रोड पर स्थित नालबंद चौराहा से पूर्व दिशा में गालिबपुरा रोड होते हुए हींग की मण्डी रोड पर मीरा हुसैनी चौराहा होते हुए दक्षिण दिशा में चलकर सदर भट्टी चौराहे तक तथा यहॉं से मन्टोला रोड पर पूर्व दिशा में चलकर आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन से ईदगाह जाने वाली रेलवे लाईन के ओवर ब्रिज तक यहॉं से ईदगाह स्टेशन जाने वाली रेलवे लाईन के सहारे चलकर उस स्थान तक जहॉं एम0जी0 रोड रेलवे लाईन से मिलती है से दाहिनी ओर मुडकर एम0जी0 रोड पर चलते हुए सुभाष पार्क होते हुए नालबन्द चौराहे तक के मध्य का सम्पूर्ण क्षेत्र। इसके अन्तर्गत मुख्यत: ढोलीखार, सदरभट्टी, नाई की मण्डी (आंशिक) व गालिबपुरा (आंशिक) सम्मिलित हैं।

**खण्ड-5,आगरा**

आगरा बाईपास रोड एन0एच0-2 पर यमुना नदी पर स्थित ब्रिज के पूर्वी छोर से दक्षिणी-पूर्व-उत्तर दिशा में बहने वाली यमुना नदी के पूर्वी तट के साथ-साथ चलकर जिले की सीमा तक, जिसमें एत्मादपुर तहसील सम्मिलित है तथा उपरोक्त ब्रिज के पूर्वी छोर से रामबाग चौराहे तक तथा यहां से उत्तर-पश्चिम दिशा में अलीगढ़ रोड पर चलते हुए जिले की सीमा तक के मध्य का सम्पूर्ण क्षेत्र। इसके अन्तर्गत मुख्य रुप से फाउण्ड्री नगर(आंशिक), नराइच, नुनहाई, कटरा वजीर खॉं, नगला देवजीत, नगला कछपुरा, गढ़ी चांदनी, गढ़ी हसनपुरा हैं।

**खण्ड-6,आगरा**

घटिया आजम खॉं चौराहा से छिली ईंट रोड पर चलकर फुलटटी बाजार, सेब का बाजार से होते हुए उस स्थान तक जहॉं पर किनारी बाजार रोड व हॉस्पीटल रोड की क्रासिंग है। पुन: यहॉं से दायीं ओर हॉस्पीटल रोड पर चलते हुए शहीद भगतसिंह रोड होते हुए राजामण्डी चौराहा एल0 ई0सी0 बिल्डिंग तक, यहॉं से उत्तर दिशा में चलते हुए सेंट जोंस चौराहे तक यहॉं से बांयी तरफ सेन्ट जोन्स कालेज की बाउण्ड्री के सहारे चलते हुए घटिया आजम खॉं चौराहे तक के मध्य पडने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र इसके अन्तर्गत मुख्यत: नूरी दरवाजा, बागमुजफ्फर खॉं, एम0एम0 दरवाजा, शीतला गली, सेब का बाजार(आंशिक) खटीक पाडा, हास्पीटल रोड, फुलटटी बाजार तथा एम0जी0 रोड का कुछ भाग सम्मिलित है।

**खण्ड-7,आगरा**

महात्मा गांधी मार्ग पर राजामण्डी बाजार की क्रासिंग से पूर्व दिशा में शहीद भगत सिंह रोड पर इसी दिशा में लगातार हॉस्पीटल रोड पर चलत हुए अकबरी मस्जिद के समीप हींग की मण्डी रोड की क्रासिंग तक, यहां से दक्षिण-पश्चिम दिशा में हींग की मण्डी रोड पर चलते हुए मण्टोला रोड क्रासिंग तक, जिसे मीरा हुसैनी चौराहा बोला जाता है। यहां से पश्चिम दिशा में गालिबपुरा रोड पर चलकर नालबन्द चौराहे तक तथा यहां से एम0जी0रोड पर उत्तर दिशा में चलकर राजामण्डी क्रासिंग तक के बीच का सम्पूर्ण क्षेत्र तथा किरावली। इसके अन्तर्गत मुख्य क्षेत्र हींग की मण्डी आंशिक, नाई की मण्डी, मोतीकटरा, हॉस्पीटल रोड सम्मिलित हैं।

**खण्ड-8,आगरा**

जमुना किनारे के उस बिन्दु से जहां बारह भाई गली प्रारम्भ होती है। बारह भाई गली से उस बिन्दु तक जहां छत्ता बाजार रोड मिलती है, से बांयी ओर छत्ता बाजार रोड पर बांस दरवाजे होते हुए उस बिन्दु तक जहां कचहरी घाट गली मिलती है, से दाहिने ओर कचहरी घाट से मुड़कर उस स्थान तक जहां पीपल मण्डी रोड व माल का बाजार रोड मिलती है, से पुन: दाहिने ओर मुड़कर गुदड़ी मंसूर खॉं से चलते हुए जहां बेलनगंज रोड मिलती है, से बायीं ओर

चलकर बेलनगंज रोड पर उस स्थान तक जहां गधापाड़ा से आने वाली सड़क मिलती है, से दाहिने ओर मुड़कर गधापाड़ा गोदाम की ओर जाने वाली सड़क पर उस बिन्दु से जहां फ्रीगंज से जाने वाली सड़क मिलती है, से दाहिनी ओर मुड़कर गधापाड़ा होते हुए जमुना किनारा तथा जमुना किनारे के बीच का सम्पूर्ण भाग।

उपरोक्त में बेलनगंज, बारह भाई गली, गुदड़ी मंसूर खॉं, बांस दरवाजा, कचहरी घाट रोड का भाग सम्मिलित है।

**खण्ड-9,आगरा**

कलक्ट्रेट चौराहा से धौलपुर हाउस होते हुये प्रतापपुरा चौराहा, प्रतापपुरा चौराहा से अजमेर रोड पर चलते हुए मेहर सिनेमा तक, मेहर सिनेमा से शहजादी मण्डी की तरफ चलते हुए नन्द सिनेमा चौराहे तक दाहिने ओर का भाग तथा वहॉं से चलते हुये सेवला जाट तक दाहिने ओर का हिस्सा पुन: कलक्ट्रेट चौराहे से भरतपुर पर जाने वाली रेलवे लाइन पर आगरा तहसील की सीमा तक बायें ओर का भाग जिसमें मुख्यत: धौलपुर हाउस, प्रतापपुरा, नामनेर रोड, ईदगाह कॉलोनी, सदर बाजार, नौलक्खा, सेवला, मधुनगर, चावली, सी0 ो0डी0, आगरा कैन्ट, सुल्तानपुरा, नगला छउआ, अर्जुन नगर, बारह खम्बा, जगनेर रोड पर आगरा तहसील की सीमा तक का क्षेत्र।

**खण्ड-10,आगरा**

कलक्ट्रेट के समीप स्थित रावली पुल से भरतपुर को जाने वाली रेलवे लाईन की क्रासिंग से पश्चिम में आगरा मथुरा रेलवे क्रासिंग को क्रास करते हुए भरतपुर को जाने वाली रेलवे लाइन के सहारे चलते हुए दांयी तरफ अवधपुरी सौ फुटा रोड पर चलते हुए मन्दिर पक्का बाग बोदला विचपुरी रोड की क्रासिंग तक । पुन: कलक्ट्रेट चौराहे से फतेहपुर सीकरी मार्ग पर चलते हुए पुलिस लाईन चौराहा वहां से पचकुइंया चौराहा, पचकुइयां चौराहा से सैयद अली नवी रोड पर चलते हुए संगीता रोड होते हुए भोगीपुरा चौराहा तक बायें ओर का सम्पूर्ण भाग, भोगीपुरा चौराहे से पंडित राधारमन सत्यविचित्र रोड, वर्तमान में बोदला रोड पर चलते हुए अम्बाप्रसाद रोड से बिचपुरी रोड की क्रासिंग तक बायां भाग तथा सम्पूर्ण तहसील बाह। जिसमें मुख्यत: शाहगंज का भाग रुई की मण्डी, भोगीपुरा, प्रेमनगर, रामनगर, प्रकाश नगर, सिद्वसानी नगर, नगला पृथ्वीनाथ, अलबतिया रोड, मारुति स्टेट, इन्द्रा कॉलोनी, दौरेठा-1 व 2 सम्मिलित है।

**खण्ड-11,आगरा**

सेंट जोंस चौराहे से पूर्व दिशा में सेंट जोंस कॉलेज की बाउण्ड्री के सहारे चलते हुए घटिया आजम खॉं चौराहे तक, यहॉं से उत्तर दिशा में वजीरपुरा जाने वाली सड़क, जो कि छिली ईंट रोड का विस्तार है तथा जिस पर गायत्री पब्लिक स्कूल, सेंट फ्रांसिस स्कूल आदि पड़ते हैं, पर चलते हुए सेंट पीटर्स चर्च के सामने से होकर के0डी0पालीवाल पार्क के गेट तक, यहॉं से पश्चिम दिशा में बायीं तरफ मुड़कर महात्मा गॉंधी रोड, एल0 ाई0सी0 बिल्डिंग की क्रासिंग तक, यहॉं से पश्चिम दिशा में महात्मा गॉंधी मार्ग पर चलते हुए हरीपर्वत क्रासिंग पार करते हुए हरीपर्वत थाना तथा होटल सोलीटेयर के सामने से चलते हुए सेंट जोंस चौराहे तक के बीच का सम्पूर्ण क्षेत्र, जिसके अन्तर्गत संजय प्लेस तथा मण्डी सईद खॉं सम्मिलित है।

**खण्ड-12,आगरा**

सेंट जोंस चौराहे से दक्षिण दिशा में महात्मा गॉंधी मार्ग पर चलते हुए राजामण्डी क्रासिंग आगरा कॉलेज होकर नालबन्द चौराहे तक, यहां से सुभाष पार्क होते हुए एम0जी0मार्ग पर चलकर कलेक्ट्रट के समीप होलमेन इंस्टीट्यूट एवं मेथाडिस्ट चर्च की क्रासिंग तक, यहां से पश्चिम दिशा में फतेहपुर सीकरी रोड पर चलते हुए एस0एस0पी0कार्यालय होते हुए पुलिस लाइन रोड की क्रासिंग तक तथा पुलिस लाइन रोड पर उत्तर दिशा में चलते हुए पंचकुइंया क्रासिंग तक, यहां से पश्चिम दिशा में चलकर शाहगंज बाजार में जाने वाली सैयद अली नवी रोड पर चलकर राजकीय इण्टर कॉलेज तथा डायट संस्थान के सामने से होते हए राजामण्डी जाने वाली रेलवे लाइन की क्रासिंग तक, यहॉं से रेलवे लाइन के सहारे उत्तर दिशा में चलते हुए राजामण्डी स्टेशन होते हुए पुष्पांजली हॉस्पीटल व रवि हॉस्पीटल के समीप मदिया कटरा के पास रेलवे लाइन तथा मथुरा रोड की क्रासिंग तक, जहां पर रेलवे लाइन

के ऊपर फ़्लाई ओवर है तथा इस पर महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापित है, पश्चिम-उत्तर दिशा में राजा बलवंत सिंह मार्ग पर चलते हुए आर0बी0एस0कॉलेज तथा भरतपुर हाउस के सामने से गुजरकर दीवानी-कचहरी(सिटी सिविल कोर्ट) चौराहे तक तथा यहॉ से उत्तर में चलते हुए भगवान टॉकीज चौराहे तक । यहॉ से पूर्व दिशा में आगरा बाईपास रोड पर चलते हुए सुल्तानगंज क्रासिंग तक । यहॉ से दक्षिण दिशा में जाने वाली करबला रोड पर चलते हुए के0डी0पालीवाल पार्क की तथा आगरा विश्वविद्यालय की पूर्वी सीमा को स्पर्श करते हुए पं0 मोतीलाल नेहरु रोड तक । इसी रोड पर पश्चिम दिशा में चलकर घटिया आजम खॉ चौराहे तक। यहॉ से उत्तर दिशा में वजीरपुरा जाने वाली सड़क पर चलकर सेंट पीटर्स चर्च के सामने से होते हुए के0डी0पालीवाल पार्क के पश्चिमी गेट के सामने से होकर पुन: पश्चिमी दिशा में चलकर एम0जी0रोड की क्रासिंगतक(एल0 ाई0सी0 कार्यालय के समीप है) तथा यहॉ से एम0जी0रोड पर दक्षिण दिशा में चलकर हरीपर्वत क्रासिंग पार करते हुए सेंट जोंस चौराहे तक के बीच का सम्पूर्ण क्षेत्र इसके अन्दर प्रमुख रुप से राजा की मण्डी, गोकुलपुरा, अशोक नगर, सिविल लाइन्स, लाजपतकुंज, सूर्यनगर, रामनगर, नेहरुनगर, गॉधीनगर, सुल्तानगंज (आंशिक), वजीरपुरा, करबला रोड व पं0 मोतीलाल नेहरु रोड के पश्चिमी भाग के क्षेत्र आते हैं ।

**<u>खण्ड-13,आगरा</u>**

मदिया कटरा के समीप उस बिन्दु से जहॉ राजामण्डी रेलवे स्टेशन से दिल्ली-मथुरा जाने वाली रेलवे लाइन के ऊपर स्थित फ़्लाई ओवर जिसके ऊपर महाराजा अग्रसेन की मूर्ति स्थापित है, से पश्चिम दिशा में रेलवे लाइन के सहारे चलते हुए उस बिन्दु तक जहां मथुरा रोड क्रॉस करती है के दाहिनी तरफ (उत्तरी दिशा) का हिस्सा तथा यहां से मथुरा रोड पर चलते हुए बाईपास रोड पर स्थित गुरुद्वारा के सामने से होकर पश्चिम में जिले की सीमा तक पुन: उपरोक्त मदिया कटरा के समीप स्थित रेलवे लाइन के ऊपर बने फ़्लाई ओवर पर स्थित महाराजा अग्रसेन की मूर्ति से आर0बी0एस0कॉलेज जाने वाली राजा बलवन्त सिंह रोड पर उत्तर दिशा में चलते हुए दीवानी अदालत की एम0जी0रोड स्थित है की क्रासिंग तक तथा यहॉ से उत्तर में एम0जी0रोड पर चलकर भगवान टॉकीज क्रासिंग तक तथा यहॉ से बाईपास रोड क्रास करते हुए उत्तर दिशा में सिमरा जाने वाली दयालबाग रोड पर चलते हुए जिले की सीमा तक के बीच पड़ने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र । इसके अन्तर्गत प्रमुख रुप से मथुरा जाने वाली रेलवे लाइन का उत्तरी भाग मथुरा रोड क्रासिंग तक राजा बलवन्त सिंह रोड तक पश्चिमी-उत्तरी भाग, दीवानी चौराहे से एम0जी0रोड तथा दयालबाग रोड का सम्पूर्ण पश्चिमी भाग सम्मिलित है जिसमें खन्दारी, ट्रांसपोर्ट नगर, जवाहरनगर, पशुपति कॉलोनी, नगला पदी, स्वामी बाग, मऊ गैलाना आते हैं ।

**<u>खण्ड-14,आगरा</u>**

बेलनगंज रोड पर उस स्थान से जहां से गधापाड़ा गोदाम की ओर सड़क जाती है, जो बेलनगंज की ओर उस स्थान तक जहां छिली ईंट रोड पर बने रेलवे पुल को पार करती है, से रेलवे लाइन के बाहर गधापाड़ा गोदाम तक, से जीवनी मंडी, तेजा का नगला व रतनपुरा होते हुए नगला नरमुण्ड की सड़क पर गन्दे नाले के पुल तक, से गन्दे नाले की सीमा से जमुना किनारे तक, जमुना किनारे की सीमा उस स्थान तक जहां फ्रीगंज की ओर से गधापाड़ा होते हुए सड़क आती है, पर दाहिनी ओर मुड़कर उस स्थान तक जहां बेलनगंज रोड से गधापाड़ा की ओर आने वाली सड़क मिलती है, से दायीं ओर मुड़कर बेलनगंज रोड तक की सीमा का सम्पूर्ण भाग जिसमें फ्रीगंज, गधापाड़ा, जीवनी मंडी जोंस मिल, जोंस मिल कम्पाउण्ड तथा बेलनगंज का कुछ भाग सम्मिलित है तथा तहसील खेरागढ़ ।

**<u>खण्ड-15,आगरा</u>**

मदिया कटरा के समीप राजामण्डी स्टेशन से दिल्ली जाने वाली रेलवे लाइन की क्रासिंग से रेलवे लाइन के सहारे राजामण्डी होते हुए लोहामण्डी चौराहे तथा सेंट जोंस चौराहे को जोड़ने वाली रामरतन रोड पर श्याम होटल के निकट पड़ने वाली रेलवे क्रासिंग तक तथा यहाँ से पश्चिम से रामरतन रोड पर चलकर लोहामण्डी चौराहे तक तथा यहॉ से पुन: पश्चिम दिशा में भरतपुर-बिचपुरी जाने वाली अम्बा प्रसाद रोड पर चलते हुए बोदला रोड तक के मध्य

का सम्पूर्ण उत्तरी भाग तथा यहां से पं0 राधारमण सत्यविचित्र रोड पर चलकर मथुरा-दिल्ली रेलवे लाइन की क्रासिंग तक तथा यहॉ से रेलवे लाइन के सहारे पूर्व में आगरा की तरफ चलते हुए मथुरा रोड क्रासिंग तक, पुन: मथुरा रोड पर पूर्व दिशा में चलते हुए मदिया कटरा के पास स्थित क्रासिंग तक के बीच का सम्पूर्ण भाग, जिसमें मुख्य स्थान मालवीय कुंज, लोहामण्डी, आलमगंज, विल्लोचपुरा, हलवाई की बगीची, रामनगर, किशोरपुरा, भीमनगर, नगला अजीता, जगदीशपुरा,बोदला, आवास विकास कॉलोनी,पत्थर घोड़े की सराय। इसके अतिरिक्त पं0 राधारमण सत्यविचित्र मार्ग जिसे वर्तमान में बोदला सिकन्दरा रोड कहा जाता है, पर चलकर सिकन्दरा रेलवे क्रासिंग से बोदला के चौराहे की तरफ चलने पर सड़क के दाहिनी तरफ से छिछने का नगला से पश्चिम की ओर जाने वाले यू0पी0एस0 ाई0डी0सी0 100 फीट मास्टर प्लान रोड से चलते हुए 175 फीट मास्टर प्लान रोड को क्रॉस करते हुए आगरा जिला की सीमा तक दायीं ओर का भाग एवं पत्थर घोड़े की सराय से आगरा मथुरा बाई पास रोड पर चलते हुए आगरा जिला की सीमा(अरतौनी सम्मिलित है) का बायीं ओर का भाग जिसमें सिकन्दरा,सिकन्दरा औद्योगिक क्षेत्र भी सम्मिलित है।

**<u>खण्ड-16,आगरा</u>**

उस बिन्दु जहॉ लोहामण्डी चौराहा तथा सेंट जोंस चौराहे को मिलाने वाली रामरतन रोड को दिल्ली-मथुरा रेलवे लाइन क्रॉस करती है तथा फ़्लाई ओवर स्थित है, से रेलवे लाइन के सहारे दक्षिण दिशा में चलते हुए शाहगंज में नालबन्द और संगीता टॉकीज को मिलाने वाली सैयद अली नवी रोड के साथ क्रासिंग तक तथा यहॉ से पश्चिम-दक्षिण दिशा में चलकर रतनमुनि मार्ग क्रॉस करते हुए तथा संगीता टॉकीज रोड से होकर भोगीपुरा क्रासिंग तक, यहां से पश्चिम-उत्तर दिशा में बोदला रोड पर चलते हुए भरतपुर-बिचपुरी जाने वाली अम्बा प्रसाद रोड की क्रासिंग तक तथा यहां से अम्बा प्रसाद रोड पर पूर्व दिशा में चलते हुए लोहामण्डी चौराहे तक तथा यहां से रामरतन रोड पर चलते हुए श्याम होटल के पास स्थित रेलवे लाइन की क्रासिंग पर स्थित फ़्लाई ओवर तक के मध्य का सम्पूर्ण क्षेत्र, जिसमें नौबस्ता, खतैना, सिरकी मण्डी, जयपुर हाउस, कोठी मीना बाजार, शाहगंज आंशिक, हसनपुर, गढ़ी भदौरिया, साकेत कॉलोनी, सी0 ा0डी0 कॉलोनी, प्रतापनगर, ग्वालपुरा, हनुमाननगर सम्मिलित है । इसके अतिरिक्त पं0 राधारमण सत्य विचित्र मार्ग जो अम्बा प्रसाद रोड को क्रास करती है (बोदला चौराहा) से बिचपुरी को जाने वाली रोड पर बिचपुरी रेलवे क्रासिंग तक का दायां भाग एवं पं0 राधारमण सत्य विचित्र मार्ग(वर्तमान में बोदला-सिकन्दरा मार्ग) पर चलते हुए यू0पी0एस0 ाई0डी0सी0 100 फीट मास्टर प्लान रोड पर बायीं ओर का भाग एवं यू0पी0एस0 ाई0डी0सी0 100 फीट मास्टर प्लान रोड पर बायी ओर चलते हुए 175 फीट मास्टर प्लान रोड तक तथा बोदला चौराहे से बिचपुरी रोड पर चलते हुए रोड का बायां भाग जिसमें यू0पी0 ाई0पी0, दहतौरा, शास्त्रीपुरम, अमरपुरा, कलबारी, विलासगंज, मघटई, पश्चिमपुरी, ध्रुवनगर, दुष्यंतनगर तथा अलबतिया का आंशिक भाग (जो बोदला चौराहे से बिचपुरी रोड पर स्थित पक्का मंदिर से फतेहपुर सीकरी जाने वाली 100 फीट रोड रेलवे क्रासिंग तक दायीं ओर स्थित का भाग है) सम्मिलित है ।

**<u>खण्ड-17,आगरा</u>**

कलक्ट्रेट के समीप महात्मा गॉधी रोड पर स्थित उस बिन्दु से जहां पर आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन जाने वाली लाइन की क्रासिंग है, से दक्षिण दिशा में महात्मा गॉधी रोड पर चलते हुए नामनेर रोड क्रासिंग क्रॉस करते हुए माल रोड क्रासिंग तक तथा यहॉ से पूर्व दिशा में माल रोड पर चलते हुए उस चौराहे तक जहां शमशाबाद रोड तथा ताज रोड मिलती है तथा यहाँ से उत्तर-पूर्व में ताज रोड पर चलते हुए सर्किट हाउस के सामने से गुजरकर पुरानी मण्डी होते हुए तथा ताज रेस्टोरेंट के सामने से होकर ताजमहल के दक्षिणी गेट की तरफ से गुजरते हुए फतेहाबाद रोड पर पूर्व दिशा एवं तदोपरान्त दक्षिण-पूर्व में चलकर शहर की सीमा तक । पुन: उपरोक्त कलक्ट्रेट के समीप स्थित एम0जी0 रोड तथा आगरा फोर्ट जाने वाली रेलवे लाइन की क्रासिंग के बिन्दु से पूर्वोत्तर दिशा में रेलवे लाइन के सहारे चलते हुए उस बिन्दु तक जहॉ जामा मस्जिद से तथा मण्टोला से आने वाली सड़कें मिलती हैं तथा रेलवे क्रासिंग स्थित है

तथा यहां से दक्षिण-पूर्व में चलकर छीपीटोला क्रासिंग बिजलीघर चौराहे तक। यहॉ से पूर्वोत्तर दिशा में छीपीटोला रोड पर चलते हुए आगरा फोर्ट की पश्चिम दीवार के सहारे तथा आगरा फोर्ट स्टेशन के पूर्वी भाग से निकलते हुए यमुना किनारे रोड तक। यहां से यमुना नदी के पश्चिम तट तक तथा यहां से नदी के पश्चिमी तट के सहारे ताजमहल की तरफ चलते हुए तथा ताजमहल के उत्तरी भाग से होते हुए शहर की सीमा तक के बीच पड़ने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र। मुख्य स्थान- छीपीटोला, ढोलीखार आंशिक, सब्जीमंडी, चीलघर, एम0जी0रोड का पूर्वी भाग, ग्वालियर रोड, बालूगंज, शहजादी मण्डी आंशिक, माल रोड का उत्तरी भाग, ताज रोड का पश्चिम भाग, फतेहाबाद रोड का उत्तरी भाग सम्मिलित है।

**खण्ड-18,आगरा**

ग्वालियर रोड की तरफ जाने वाली महात्मा गॉधी रोड पर उस बिन्दु जहां पर आगरा कैटर्स के समीप माल रोड के साथ क्रासिंग होती है, से पूर्व दिशा में माल रोड पर चलकर ताज रोड के साथ क्रासिंग तक जहॉ पर शमशाबाद रोड व फतेहाबाद रोड मिलती है, यहां से उत्तर-पूर्व में ताज रोड पर चलते हुए पुरानी मण्डी, ताज रेस्टोरेट होते हुए ताजमहल दक्षिण भाग से गुजरते हुए फतेहाबाद रोड पर पूर्व एवं दक्षिण-पूर्व दिशा में चलते हुए शहर की सीमा तक, पुनः उपरोक्त महात्मा गॉधी रोड तथा माल रोड की क्रासिंग से दक्षिण दिशा में ग्वालियर रोड एन0एच0-3 पर चलते हुए शहर की सीमा तक के मध्य पड़ने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र। मुख्य स्थान- शहजादी मण्डी आंशिक, एम0जी0रोड का पूर्वी भाग, ग्वालियर रोड का पूर्वी एवं माल रोड का दक्षिणी भाग तथा ताज रोड, फतेहाबाद रोड, शमशाबाद रोड,विभव नगर,राजपुर, बगीची, बुन्दुकटरा, नगला भवानी सिंह आदि।

**खण्ड-19,आगरा**

आगरा बाईपास रोड पर स्थित सुल्तानगंज की क्रासिंग से उत्तर दिशा में जाने वाली मुगल रोड पर चलकर शहर की सीमा पर स्थित कमला नगर ए ब्लॉक से भूड़ का बाग से शहर की सीमा बल्केश्वर तक पूर्वोत्तर दिशा में मनोहरपुर यमुना नदी तक और मनोहरपुर से दक्षिण की ओर आई0टी0 ई0 बल्केश्वर रोड पर चलते हुए वॉटर वर्क्स चौराहे तक उत्तरी भाग सम्मिलित है जिसमें कमला नगर, बल्केश्वर कॉलोनी, गुम्मट बल्केश्वर, न्यू आदर्श नगर, भूड़ का बाग मनोहर पुरम एवं रजवाडा तथा आगरा बाईपास तक उत्तरी भाग सम्मिलित है। आगरा बाईपास से लगा हुआ वह भू भाग जो पूर्व व उत्तर में यमुना नदी के पश्चिम तट - पश्चिम में बल्केश्वर रोड तथा दक्षिण में आगरा बाईपास रोड से घिरा हुआ है। पुनः सुल्तानगंज क्रॉसिंग से पूर्व की तरफ वॉटर वर्क्स के चौराहे तक बीच का सम्पूर्ण भाग। प्रमुख स्थान - कमला नगर, बल्केश्वर कॉलोनी, गुम्मट(न्यू आदर्श नगर) भूड़ का बाग, मनोहरपुर रजवाड़ा तथा आगरा बाईपास तक उत्तर भाग।

**खण्ड-20,आगरा**

आगरा बाईपास रोड पर बल्केश्वर रोड के मिलन बिन्दु से पं0 कालीचरन तिवारी रोड के मिलन बिन्दु तक चलकर यहां से दक्षिण दिशा में पं0 कालीचरन तिवारी रोड पर चलकर रतनपुरा क्रासिंग तक। यहां से दक्षिण दिशा में महर्षि वाल्मीक रोड पर चलते हुए पं0 मोतीलाल नेहरु रोड क्रासिंग तक। यहां से पश्चिम में गधापाड़ा रेलवे मालगोदाम होते हुए रेलवे लाइन के सहारे पश्चिम-दक्षिण दिशा में चलते हुए घटिया आजम खॉ पर रेलवे लाइन व छिली ईंट रोड जो वजीरपुरा को जाती है, के साथ रेलवे क्रासिंग तक तथा यहां से उत्तर-पूर्व दिशा में पं0 मोतीलाल नेहरु रोड होते हुए आगरा विश्वविद्यालय तथा के0डी0पालीवाल पार्क की पूर्वी सीमा पर स्पर्श करते हुए करबला रोड पर चलकर सुल्तानगंज क्रासिंग तक तथा यहां से आगरा बाईपास रोड पर पूर्व दिशा में चलकर पं0 कालीचरन तिवारी रोड क्रासिंग तक के मध्य पड़ने वाला सम्पूर्ण क्षेत्र। पुनः आगरा बाईपास रोड पर सुल्तानगंज क्रासिंग से पश्चिम दिशा में चलकर भगवान टाकीज क्रासिंग तक तथा यहां से उत्तर दिशा में दयालबाग रोड पर चलते हुए जिले की सीमा तक। पुनः आगरा बाईपास रोड पर स्थित सुल्तानगंज क्रासिंग से उत्तर दिशा मे ंमुगल रोड पर चलकर भूड़ का बाग से जिले

की सीमा समाप्त होने तक तथा शमशाबाद व फतेहाबाद तहसील। प्रमुख स्थान- दयालबाग, जगनपुरा, न्यू आगरा कॉलोनी, करबला, सुल्तानगंज, लंगड़े की चौकी, विजय नगर, बाईपास रोड शमशाबाद एवं फतेहाबाद तहसील।

उपरोक्त के अतिरिक्त आगरा जनपद का जो क्षेत्र किसी भी खण्ड में सम्मिलित नहीं है, वह क्षेत्र खण्ड-20 में सम्मिलित माना जायेगा।

**खण्ड-1 फिरोजाबाद**

टूण्डला (एटा रोड को छोंड़कर), आगरा रोड, महावीर नगर, करबला, हिमायूंपुर, ढोलपुरा, इण्ड0 स्टेट, सुहागनगर,भीमनगर आगरा गेट, इस्लामगंज, पुरुषोत्तमनगर, जगजीवनराम नगर, मुरलीनगर, एस0एन0मार्ग (सडक की दोनो ओर की दुकानें )एवं कोल साइडिंग रोड।

**खण्ड-2 फिरोजाबाद**

गल्ला मण्डी (पुरानी) , बड़ी व छोटी छपैटी, मो0 टीला , बजरिया, कटरा पठानान , जैन कटरा, नई बस्ती, चन्दवार गेट , कटरा सुनारान, स्टेशन रोड, वर्तनवाली गली , लोहा मण्डी, मो0 कोटला , रानीवाला मार्केट , धेर खोखल, गढाईया, गली हलवाईयान, मो0 जोशियान, सदरबजार (दोनो ओर की दुकाने), सब्जी मण्डी, मो0 अट्टावाला, मो0 चाउ, राम नगर,श्याम नगर,रेलवे लाइन के पास लेबर कालोनी एवं नगला विष्णु।

**खण्ड-3 फिरोजाबाद**

गली बौहरान, तिलकभवन, किशनदासपुर, हुण्डावालाबाग, डाकियान स्ट्रीट, मैनपुरी गेट, बरगदपुर, प्रेमपुर रैपुरा, गाजीपुर, पैमेश्वर गेट, रसूलपुर नया व पुराना , आसफाबाद (थाना रसूलपुर तक ) नक्कारची टोला , करतार नगर, रुपसपुर जलालपुर, मटामई, हाजीपुरा, शेखलतीफ, इमामबाडा, लाइनपार का समस्त ग्रामीण क्षेत्र।

**खण्ड-4 फिरोजाबाद**

मो0दुली, मोहम्मदपुर, हनुमान गढ, नीम चौराहा, जाटवपुरी,शीतल खॉ, हसनपुर,पुरानी मण्डी, कृष्णापाडा, नगला बरी, धेर आसग्रान, चौबेजी का बाग, गली अण्डियाई, सरकयूलर रोड, मो0 कम्बुआन, बापू गली, हनुमान रोड, शीशग्रान, गालिबनगर, हनुमान गंज, आसफाबाद (केवल बाईपास रोड पर दुकानें ) मो0 हुसैनी, कश्मीरी गेट, शास्त्री मार्केट, मो0 चौबान, चौकीगेट, ओमनगर, सैलई, दुर्गानगर एवं नगला मिर्जा।

**खण्ड-5 फिरोजाबाद**

एटा रोड टूण्डला (नेशनल हाई वे नं02 ओवरब्रिज से पश्चिमी क्षेत्र) आर्यनगर, जलेसर रोड, बाईपास रोड (एस0एन0हास्पीटल से कोटला चुँगी तक), सरस्वती नगर, जैन नगर खेडा, रैना, गणेश नगर, विभव नगर, भरत नगर, नगला भाउ, मथुरा नगर , पचोखरा, नगला बीच, बाग छिंगामल,रानीवाला मार्केट, जैन नगर नारखी, तिलक नगर , बोघाश्रम, फरिहा, कोटला, इण्ड0 स्टेट (जलेसर रोड)टॉपा कलॉ, शिवाजी मार्ग, दखल,कोटला रोड, मो0गंज, मोहन नगर, गान्धी नगर , एवं कोटला रोड से एटा रोड के मध्य विकास खण्ड नारखी का समस्त ग्रामीण क्षेत्र। वह क्षेत्र जो फिरोजाबाद के पाँचों खण्डों में सम्मिलित नहीं है।

**खण्ड-6 फिरोजाबाद**

तहसील शिकोहाबाद एवं तहसील जसराना के सम्मिलित क्षेत्र में फिरोजाबाद से इटावा मार्ग ( नेशनल हाइवे भाग-2 जो शिकोहाबाद नगर पालिका परिषद के मध्य वाईपास रोड एवं सिरसागंज नगर पालिका परिषद के मध्य भाग में इटावा रोड के नाम से जाना जाता ) का दक्षिणी भाग।

**खण्ड-7 फिरोजाबाद**

तहसील शिकोहाबाद एवं तहसील जसराना के सम्मिलित क्षेत्र में फिरोजाबाद से इटावा मार्ग (नेशनल हाइवे भाग-2 जो शिकोहाबाद नगर पालिका परिषद के मध्य वाईपास रोड एवं सिरसागंज नगर पालिका परिषद के मध्य भाग में इटावा रोड के नाम सेजाना जाता) उत्तरी भाग। वह भाग जो तहसील शिकोहाबाद एवं तहसील जसराना का अन्य किसी खण्ड में सम्मिलित नहीं है।

**<u>मैनपुरी</u> <u>खण्ड-1</u>**

ईसन नदी के पुल से बड़ा चौराहा तक आगरा रोड के बायॉ किनारा ,बड़ा चौराहे से करहल चौराहे के बाई ओर, करहल चौराहे से सिरसागंज रोड तक सड़क का बाया किनारा व उसके पीछे का भाग तथा सिरसांगज रोड का बाया किनारा व उसके पीछे का भाग।

**<u>मैनपुरी</u> <u>खण्ड-2</u>**

करहल, वरनाहल, घिरोर ,ईसन नदी से आगरा रोड ज्योति तिराहे तक सड़क का दाहिना किनारा तथा उसके पीछे का भाग तथाज्योति तिराहे से जरामई तक सड़क का दाहिना किनारा व उसके पीछे का भाग।

**<u>मैनपुरी</u> <u>खण्ड-3</u>**

कुरावली, सुल्तानगंज, बड़ा चौराहे से जरामई तक आगरा रोड का बायॉ किनारा व उसके पीछे का भाग, बड़ा चौराहे से करहल चौराहे की सड़क दाहिना किनारा व उसके पीछे का भाग , करहल चौराहे से सिरसागंज रोड तक सड़क का दाहिना किनारा व उसके पीछे का भाग तथा सिरसागंज रोड का दाहिना किनारा व उसके पीछे का भाग। नगर पालिका मैनपुरी का वार्ड सं0-15 और वार्ड सं0-18 । वह भाग जो मैनपुरी के किसी अन्य खण्ड में सम्मिलित नहीं है।

2. **उपर्युक्त विज्ञप्ति दिनॉक 1-4-2008 से प्रभावी होगी।**

**(सुनील कुमार)**
**कमिश्नर, वाणिज्य कर,**
**उत्तर प्रदेश।**

**<u>पृ0 प0 सं0 व दिनाँक उक्त।</u>**

1. प्रमुख सचिव कर एवं निबन्धन। उ0 प्र0, शासन।
2. विशेष सचिव, कर एवं निबन्धन, उ0प्र0 शासन।
3. संयुक्त सचिव, कर एवं निबन्धन, अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, वाणिज्य कर, उ0प्र0।
5. एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर, को इस अनुरोध के साथ कि उक्त नवसृजित खण्डों, को अपने अभिलेख में सम्मिलित करें। तद्नुसार तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की तैनाती अथवा प्रभार दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
6. ज्वाइंट कमिश्नर(स्थापना) वाणिज्य कर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त नवसृजित खण्डों, को अपने अभिलेख में सम्मिलित करें। तद्नुसार डिप्टी कमिश्नर (क0नि0) /असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी श्रेणी-2, वाणिज्य कर को प्रभावी तिथि से तैनाती अथवा प्रभार दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
7. श्री आशेष अग्रवाल / श्री जी0पी0 सिंह, टेक्निकल डायरेक्टर, एन0 ई0सी0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ की नव सजृित वाणिज्य कर के लिए खण्डों तैयार किये गये साफ्टवेयर माड्यूल में प्रविष्टियॉ कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित जोन के समस्त ज्वा0 कमि0 ( कार्य0) / (वि0 नु0शा ) / (अपील) वाणिज्य कर।

9. सम्बन्धित जोन समस्त डिप्टी कमिश्नर (क0नि0) / असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर, ।
10. जिलाधिकारी / कोषाधिकारी आगरा, मैनपुरी एवं फिरोजाबाद ।
11. अध्यक्ष एवं सदस्य व्यापार कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश ।
12. ज्वा0 कमि0 उच्च्तम न्यायालय कार्य / उच्च न्यायालय कार्य गाजियाबाद / लखनऊ / इलाहाबाद ।
13. मुख्यालय के समस्त अनुभाग ।
14. मैनुअल अनुभाग को 5 प्रतियाँ ।
15. निदेशक एवं मुद्रण सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त विज्ञप्ति दिनॉक को साधारण शासकीय गजट में प्रकाशित कराकर इसकी मुद्रित 100 प्रतियॉ कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

**( जनार्दन दुबे )**
**ज्वा0 कमि0 (संख्या) वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।**

**वाणिज्य कर विभाग,उ0प्र0**

पत्र संख्या-एस0एस0-एक (45)-वैट खण्ड पुनर्गठन-(आगरा) / (2007-08 ) / 1663/ वाणिज्य कर

लखनऊ: दिनॉक : 27-03-2008

**<u>विज्ञप्ति / संशोधन</u>**

उार प्रदेश मूल्य संवर्धित नियमावली-2008 के नियम-3 के उपनियम-2 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनॉक 1-4-2008 से प्रभावी होने वाले आगरा जोन के विभिन्न मण्डलों के अन्तर्गत खण्डों के पुनर्गठन की खण्डवार उल्लखित भौगोलिक सीमा की विज्ञप्ति संख्या-एस0एस0-एक (45)-वैट खण्ड पुनर्गठन-(आगरा) / (2007-08 ) / 1532/ वाणिज्य कर दिनांक 11-2-2008 में टंकण / लिपिकीय त्रुटि के कारण निम्न प्रकार से संशोधन किया जाता है।

**<u>खण्ड-3,आगरा</u>**

आठवीं पंक्ति में सम्पूर्ण हिस्सा के बाद "एवं सम्पूर्ण आगरा तहसील "

**<u>खण्ड-7,आगरा</u>**

पॉचवीं पंक्ति में " सम्पूर्ण क्षेत्र तथा किरावली " के स्थान पर " सम्पूर्ण क्षेत्र तथा तहसील किरावली "

**(सुनील कुमार)**
**कमिश्नर, वाणिज्य कर,**
**उार प्रदेश।**

**<u>पृ0 प0 सं0 व दिनाँक उक्त।</u>**

1. प्रमुख सचिव कर एवं निबन्धन उ0 प्र0, शासन।
2. विशेष सचिव, कर एवं निबन्धन, उ0प्र0 शासन।
3. संयुक्त सचिव, कर एवं निबन्धन, अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, वाणिज्य कर, उ0प्र0।
5. एडीशनल कमिश्नर(प्रशासन) वाणिज्य कर, को इस अनुरोध के साथ कि उक्त नवसृजित खण्डों, को अपने अभिलेख में सम्मिलित करें। तद्नुसार तृतीय श्रेणी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की तैनाती अथवा प्रभार दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
6. ज्वाइंट कमिश्नर(स्थापना) वाणिज्य कर को इस अनुरोध के साथ कि उक्त नवसृजित खण्डों, को अपने अभिलेख में सम्मिलित करें। तद्नुसार डिप्टी कमिश्नर (क0नि0) /असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी श्रेणी-2, वाणिज्य कर को प्रभावी तिथि से तैनाती अथवा प्रभार दिये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
7. श्री आशेष अग्रवाल / श्री जी0पी0 सिंह, टेक्निकल डायरेक्टर, एन0 ाई0सी0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ की नव सजित वाणिज्य कर के लिए खण्डों तैयार किये गये साफ्टवेयर माड्यूल में प्रविष्टियॉ कराना सुनिश्चित करें।
8. सम्बन्धित जोन के समस्त ज्वा0 कमि0 ( कार्य0) / (वि0 नु0शा ) / (अपील) वाणिज्य कर।
9. सम्बन्धित जोन समस्त डिप्टी कमिश्नर (क0नि0) / असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर,।
10. जिलाधिकारी / कोषाधिकारी आगरा, मैनपुरी एवं फिरोजाबाद।
11. अध्यक्ष एवं सदस्य व्यापार कर अधिकरण, उार प्रदेश।

12. ज्वा0 कमि0 उच्च्तम न्यायालय कार्य / उच्च न्यायालय कार्य गाजियाबाद / लखनऊ / इलाहाबाद ।

13. मुख्यालय के समस्त अनुभाग ।
14. मैनुअल / संख्या अनुभाग को 5-5 प्रतियाँ ।
15. निदेशक एवं मुद्रण सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को साधारण शासकीय गजट में प्रकाशित कराकर इसकी मुद्रित 100 प्रतियॉ कमिश्नर, वाणिज्य कर, उार प्रदेश विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

( मनोज कुमार तिवारी )
उपनिदेशक (संख्या) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ ।

## वाणिज्य कर विभाग,उ0प्र0

पत्र संख्या-एस0एस0-एक (45)-वैट खण्ड पुनर्गठन- / (आगरा) / (2007-08 ) / 377 / वाणिज्य कर

लखनऊ: दिनॉक : 09/07/2008

## विज्ञप्ति / संशोधन

उत्तर प्रदेश मूल्य संवर्धित नियमावली-2008 के नियम-3 के उपनियम-2 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनॉक 1-4-2008 से प्रभावी होने वाले आगरा जोन के विभिन्न मण्डलों के अन्तर्गत खण्डों के पुनर्गठन की खण्डवार उल्लिखित भौगोलिक सीमा की विज्ञप्ति संख्या-एस0एस0-एक (45)-वैट खण्ड पुनर्गठन- / (आगरा) /(2007-08) / **1532 /** वाणिज्य कर **दिनांक 11-2-2008** में आगरा मण्डल के खण्ड-2 आगरा एवं खण्ड-6 आगरा के अधिक्षेत्र की भौगोलिक सीमा निम्न प्रकार से संशोधित कर अवधारित किया जाता है।

**खण्ड-2 :**

- बस स्टैण्ड से किनारी बाजार आने वाली सड़क पर उस स्थान से जहॉ फोर्ट स्टेशन से जाने वाली रेलवे लाइन का ओवर ब्रिज स्थित है से चलकर सुभाष बाजार होते हुए जौहरी बाजार से बाई ओर सेठगली से उस स्थान तक (जहॉ रेडियों मार्केट) फुब्बारा से हींग की मण्डी जाने वाली पैशबुड व रोड ओवर ब्रिज स्थित है। वहॉ से पैशबुड रोड पर हींग की मण्डी होते हुए उस स्थान तक जहॉ मन्टोला रोड मिलता है वहॉ से मन्टोला रोड होते हुए सदरभटटी होते हुए उस स्थान तक जहौ रेलवे स्टेशन ब्रिज स्थित है, के मध्य का सम्पूर्ण भाग।
- उपरोक्त में सुभाष बाजार, जौहरी बाजार, सेठगली, मन्टोला, हींग की मण्डी, सदरभटटी, ढोलीखार का भाग सम्मिलित है।

**खण्ड-6 :**

- जौहरी बाजार से किनारी बाजार रोड पर सेठगली चलकर जहॉ कश्मीरी बाजार, सेब का बाजार का चौराहा मिलता है, से कश्मीरी बाजार हेते हुए उस बिन्दु तक जहॉ माल का बाजार से आने वाली सड़क मिलती है, से बाई ओर मुड़ कर उस सड़क पर जो चिड़ीगारटोला रोड से मिलती है, से बाई ओर चिड़ीगारटोला रोड पर उस स्थान पर जहॉ छिलीईट रोड मिलती है, से दाई ओर छिलीईट रोड पर उस स्थान पर जहॉ घटिया आजम खॉ रोड मिलती है। जहॉ से बाई ओर बाग गुजफ्फर खॉ के चौराहे तक बाई हाथ मुड़कर एम0जी0 रोड पर उस स्थान तक जहॉ राजामण्डी चौराहा है। यहॉ से बाई ओर नूरी गेट की ओर मुड़कर हास्पीटल रोड हेते हुए फुब्बारे से दाहिने मुड़कर पेशबुड रोड पर रेडियो मार्केट के उस स्थान तक जहॉ नीचे सेठगली मिलती है, सेठगली में जौहरीबाजार तक का सम्पूर्ण भाग।
- उपरोक्त में सेठगली, चौबेजी का फाटक, सेब का बाजार, किनारी बाजार, कश्मीरी बाजार, रेडियो मार्केट, सिटी स्टेशन रोड, घटिया आजम खॉ, बाग मुजफ्फर खॉ, हास्पीटल रोड, शतलागली, गनेश मार्केट, खटीकपाड़ा, फुलटटी बाजार, नूरीगेट तथा एम0जी0 रोड का कुछ भाग सम्मिलित है।

**(दीपक कुमार)**
**कमिश्नर, वाणिज्यकर, उत्तर प्रदेश।**

**पृ0 प0 सं0 व दिनॉंक उक्त।**

1. प्रमुख सचिव कर एवं निबन्धन उ0 प्र0, शासन।
2. विशेष सचिव, कर एवं निबन्धन, उ0प्र0 शासन।
3. संयुक्त सचिव, कर एवं निबन्धन, अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
4. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-1, वाणिज्य कर, उ0प्र0।

5. ज्वाइंट कमिश्नर(स्थापना) वाणिज्य कर मुख्यालय लखनऊ
6. सम्बन्धित जोन के समस्त ज्वा0 कमि0 ( कार्य0) / (वि0 नु0शा ) / (अपील) वाणिज्य कर ।
7. सम्बन्धित जोन समस्त डिप्टी कमिश्नर (क0नि0) / असिस्टेन्ट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर ।
8. जिलाधिकारी / कोषाधिकारी लखनऊ, पलियाकलाँ।
9. अध्यक्ष एवं सदस्य व्यापार कर अधिकरण, उत्तर प्रदेश ।
10. ज्वा0 कमि0 उच्च्तम न्यायालय कार्य / उच्च न्यायालय कार्य गाजियाबाद / लखनऊ / इलाहाबाद ।
11. मुख्यालय के समस्त अनुभाग ।
12. संख्या / मैनुअल अनुभाग को 5-5 प्रतियाँ ।
13. निदेशक एवं मुद्रण सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को साधारण शासकीय गजट में प्रकाशित कराकर इसकी मुद्रित 100 प्रतियॉ कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

**( जनार्दन दुबे )**
**ज्वा0 कमि0 (संख्या) वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।**